www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 दिसम्बर, 2020 | वर्ष-13 | अंक-242 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 4.00 रुपए



# यीडा ने फिल्म सिटी के लिए डीपीआर की तकनीकी बिड खोली, चार कंपनियों से आया प्रस्ताव

**ग्रेटर नोएडा,** 7 दिसम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित फिल्म की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के लिए सोमवार को तकनीकि बिड खोली गई। डीपीआर बनाने के लिए चार कंपनियों ने प्रस्ताव दिए हैं। जांच के बाद पात्र कंपनियां फाइनेंशल बिड में भाग लेंगी। चुनी गई कंपनी के साथ प्राधिकरण करार करेगा। उसके बाद कंपनी फिल्म सिटी की डीपीआर तैयार करेगी। दरअसल यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित फिल्म सिटी एक्सप्रेस वे के किनारे सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ जमीन पर बसाई जाएगी। इसकी डीपीआर तैयार कराने के लिए प्राधिकरण ने कंपनियों से प्रस्ताव मांगे थे। सोमवार को इसकी तकनीकि बिड खोली गई। चार कंपनियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों का प्राधिकरण के अधिकारी और तकनीकि मामलों के जानकार अध्ययन करेंगे, जो कंपनियां मानकों पर खरी उतरेंगी, वह फाइनेंशन बिड में भाग लेंगी। चुनी गई कंपनी को तीन माह में डीपीआर तैयार करना होगा। डीपीआर को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। बता दें कि फिल्म सिटी को लेकर शासन काफी गंभीर है। शासन से हरी झंडी मिलते ही इस महत्वपूर्ण परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।